# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बाप, फलोदी

**पीठासीन अधिकारी :- मांगीलाल, आर.ए.एस.**
**राजस्व प्रार्थना पत्र :- अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम**
**प्रकरण संख्याः- 143/2023**

01. अनुराधो पुत्री वेदप्रकाश जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू
02. अनिता पुत्री वेदप्रकाश जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू
03. अरविन्द विश्नोई पुत्र वेदप्रकाश जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू
04. ऐलची पत्नी वेदप्रकाश जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू
05. नरेन्द्रकुमार पुत्र सगताराम जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू
06. प्रदीप पुत्र वेदप्रकाश जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू
07. प्रियंका पुत्री वेदप्रकाश जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू
08. बृजपाल पुत्र पांचाराम जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू
09. रामस्वरूप पुत्र पाचाराम जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू
10. विरेन्द्रकुमार पुत्र सगताराम जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू
11. सुरेन्द्र कुमार पुत्र सगताराम जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू
12. हरफूल पुत्र पांचाराम जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू
13. हरिराम पुत्र पांचाराम जाति विश्नोई निवासी फूलासर तहसील बज्जू

प्रार्थीगण.....

**बनाम**

01. केदारसिंह पुत्र नाथुसिंह जाति रावणा राजपूत निवासी धोलिया तहसील बाप
02. जबरसिंह पुत्र नाथुसिंह जाति रावणा राजपूत निवासी धोलिया तहसील बाप
03. जबरसिंह पुत्र बलवंतसिंह जाति राजपूत नि. पूनियों का तला केरली नाडी तह. बायतू जिला बाड़मेर
04. पृथ्वीसिंह पुत्र तनेरावसिंह जाति राजपूत निवासी धोलिया तहसील बाप
05. पेम्पसिंह पुत्र नाथाराम उर्फ नाथूसिंह जाति रावणा राजपूत निवासी धोलिया
06. भोमसिंह पुत्र नाथाराम उर्फ नाथूसिंह जाति रावणा राजपूत निवासी धोलिया
07. छाखा पत्नि धनाराम जाति विश्नोई निवासी फूलासर तह. बज्जू जिला बीकानेर
08. सूवटी पत्नि बगड़ावतराम जाति विश्नोई निवासी भजननगर तहसील लोहावट
09. आईदानराम पुत्र रूपाराम जाति जाट नि. भैसेर चाण्डीयाली तहसील तिंवरी
10. बजरंगसिंह पुत्र जसवन्तसिंह जाति राजपूत निवासी [illegible] तह. परबतसर
11. लिखमाराम पुत्र मंगलाराम जाति जाट नि. भैसेर [illegible] तिंवरी
12. पुष्पा पुत्री भंवरलाल जाति ब्राह्मण नि[illegible] जिला फलोदी
13. पूनमसिंह पुत्र तनेरावसिंह जाति राजपूत निवासी धोलिया तहसील बाप
14. शान्ति पुत्री दीपचंद जाति ब्राह्मण निवासी धोलिया तहसील बाप जिला फलोदी
15. तहसीलदार बाप तहसील बाप जिला फलोदी

Signature Not Verified
Digitally signed by Mangi Lal
Date: 2024.02.07 14:25:43 IST
Reason: SelfAttested

अप्रार्थीगण..

**उपस्थित :-**

1. श्री राजेन्द्रसिंह सोंलकी अधिवक्ता प्रार्थीगण की ओर से
2. अप्रार्थी संख्या 15 सरकारी पैरोकार स्वंय उपस्थित

## निर्णय

दिनांक :- 29.01.2024

अधिवक्ता प्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम इस आशय से पेश किया है कि प्रार्थीगण की खातेदारी की भूमि खसरा नम्बर 1450/2 रकबा 12.1406 हैक्टेयर सरहद मौजा धोलिया पटवार क्षेत्र बारू तहसील बाप जिला जोधपुर में स्थित है। उक्त भूमि पर प्रार्थीगण का राजस्व रेकार्ड जमाबंदी अनुसार उक्त भूमि पर कब्जा व काश्त आज दिन तक लगातार शांतिपूर्वक चला आ रहा है और प्रार्थी ने अपने हिस्से की भूमि पर अपनी रहवासीय ढाणी, पानी का टांका, पशुओं के बाड़े इत्यादि बना रखे है। उक्त रहवासीय ढाणी में प्रार्थीगण अपने परिवार सहित बारह ही मास निवास करते आ रहे है। प्रार्थीगण ने अपनी उक्त खातेदारी की भूमि की भूमि पैमाईश करवाने हेतु श्रीमान तहसीलदार साहब बाप के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश किया और तहसीलदार साहब (भू.अ.) बाप ने क्रमांक 76 दिनांक 28.04.2023 को उक्त भूमि की पैमाईश करने के आदेश पटवारी हल्का को दिये। पटवारी हल्का उक्त आदेश की पालना में दिनांक 29.04.2023 को मौके पर जाकर प्रार्थीगण की उपस्थिति में उक्त भूमि की पैमाईश मुस्तकिल बिन्दू से की लेकिन अप्रार्थीगण संख्या 1 ता 14 उक्त पैमाईश से संतुष्ट नहीं हुवे। मौका फर्द तैयार कर प्रार्थीगण एवं उपस्थित मोतबिरान को पढकर सुनाया गया और उक्त फर्द नियमानुसार तहसील कार्यालय में जमा करवा दी। प्रार्थीगण जब पैमाईश अनुसार अपनी भूमि के चारों ओर खूंटे रोपने लगे तो उक्त भूमि के पड़ौसी खातेदार अप्रार्थीगण सं. 1 ता 14 ने पैमाईश प्रार्थी की हद में खूंटे रोपने से मना कर दिया और उक्त पैमाईश को मानने से इन्कार कर दिया। प्रार्थी अपनी खातेदारी की उक्त भूमि में बरसात के मौसम में काश्त किये जाते है उक्त भूमि के चारों ओर तारबंदी नहीं होने की वजह से प्रार्थीगण द्वारा की गई फसल को आवारा पशुओं द्वारा नष्ट किया जा रहा है और प्रार्थीगण को अपूरणीय क्षति हो रही है। इसलिये प्रार्थी दिनांक 29.04.2023 को हुई भूमि पैमाईश अनुसार अपनी हद में पत्थरगढी करवाना चाहते है। जिसका यह प्रार्थना पत्र पेश है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Mangi Lal
Date: 2024.02.07 14:25:43 IST
Reason: SelfAttested

उप खण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर सिगेदार की रिपोर्ट ली गयी और प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 ता 14 की और से कोई उपस्थित नहीं आये लिहाजा इनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की गई। अप्रार्थी संख्या 15 सरकारी पैराकार ने स्वयं उपस्थित होकर जवाब पेश किया कि ग्राम धेलिया पटवार क्षेत्र बारू तहसील बाप के खसरा नम्बर 1450/2 रकबा 12.1406 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढी प्रार्थीगण की हद में पैमाईश फर्द दिनांक 29.04.2023 के अनुसार प्रार्थीगण एवं पड़ोसी खातेदारान को सूचित करते हुए किया जाना उचित है। पत्रावली बहस में रखी गई।

अधिवक्ता प्रार्थीगण ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए बताया कि प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 1450/2 रकबा 12.1406 हैक्टेयर भूमि सरहद मौजा धोलिया पटवार क्षेत्र बारू तहसील बाप जिला जोधपुर में स्थित है। उक्त भूमि पर प्रार्थीगण का कब्जा व काश्त आज दिन तक लगातार शांतिपूर्वक चला आ रहा है और प्रार्थीगण ने उक्त भूमि पर अपनी रहवासीय ढाणियां, पानी के टांका, पशुओं के बाड़े इत्यादि बना रखे है उक्त भूमि के चारों ओर तारबंदी नहीं होने की वजह से प्रार्थी द्वारा की जा रही काश्त को आवारा पशुओं द्वारा नष्ट किया जा रहा है जिससे प्रार्थी को अपूरणीय क्षति हो रही है। इसलिये प्रार्थी दिनांक 29.04.2023 को हुई भूमि पैमाईश अनुसार अपनी हद में पत्थरगढी किये जाने के आदेश फरमावे।

उभय पक्षकारान् की बहस सुनी गई बहस पर मनन किया गया तथा उपलब्ध दस्तावेजीय साक्ष्य का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत जमाबन्दी संवत 2078-2081, नक्सा ट्रेस एवं मौका फर्द का अवलोकन किया गया। ग्राम धोलिया पटवार क्षेत्र बारू तहसील बाप के खसरा नम्बर 1450/2 रकबा 12.1406 हैक्टेयर भूमि के प्रार्थीगण खातेदार है, प्रार्थीगण ने दिनांक 29.04.2023 को उक्त भूमि की नियमानुसार पैमाईश करवाई थी जो मौका फर्द से प्रमाणित होता है। रेकर्डेड खातेदार को अपनी खातेदारी की भूमि की पत्थर गड्ढी करवाने का पूरा-पूरा अधिकार है, सरकारी पैरोकार ने भी उक्त भूमि की पत्थर गड्ढी किये जाने की अनुशंसा की है। इसलिये प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि की अपनी हद में पत्थर गड्ढी करवाने के अधिकारी है। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाना उचित समझते है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Mangi Lal
Date: 2024.02.07 14:25:43 IST
Reason: SelfAttested

**आदेश**

प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार किया जाता है कि ग्राम धोलिया पटवार क्षेत्र बारू तहसील बाप के खसरा नम्बर 1450/2 रकबा 12.1406 हैक्टेयर भूमि की पत्थर गड्डी मौका फर्द दिनांक 29.04.2023 अनुसार पड़ोसी खातेदारों को सूचित करते हुवे किये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रार्थीगण द्वारा नियमानुसार शुल्क अदा किये जाने पर तहसीलदार बाप उक्त आदेश की पालना में विधिवत पत्थर गड्डी करवावे। अगर आवश्यकता हो तो शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस इमदाद प्राप्त की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम हो, दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 29.01.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(मांगीलाल आर.ए.एस.)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)

Signature Not Verified

Digitally signed by Mangi Lal
Date: 2024.02.07 14:25:43 IST
Reason: SelfAttested